# 8th Class Hindi Notes

By
SHREENIVAS NAIK
M.A., M.Ed., M.Phil.
G.P.U.COLLEGE, VOGGA
BANTWAL, D.K. 574265
9481758822, 9448593978

For
INYA TRUST

**कक्षा :- ८ पाठ १ : प्रार्थना**

१. **अध्यापक से बातचीत :-**

१) हमें किसको उठाना चाहिए ?

हमें गिरे हुए को उठाना चाहिए ।

२) हमें क्या दूर करना चाहिए ?

हमें रोग-शोक को दूर करना चाहिए ।

३) बीती बातों को हमें क्या करना चाहिए ?

बीती बातों को हमें भुला देना चाहिए ।

४) हमें किसका गान करना चाहिए ?

हमें निज भाषा ( अपनी मातृभाषा ) का गान करना चाहिए ।

२. **कलम लीजिए हाथ में :-**

१) हमें मन में कैसा भाव रखना चाहिए ?

हमें मन में सद्भाव रखना चाहिए ।

२) हमें क्या छोड़ना चाहिए ?

हमें हठ छोड़ना चाहिए ।

३) देश – जाति पर क्या करना चाहिए ?

देश-जाति पर बलिदान करना चाहिए ।

४) कवि भगवान से किस प्रकार की मति देने की प्रार्थना करते हैं ?

कवि भगवान से किसी का अपमान न करने की मति देने की प्रार्थना करते हैं ?

५) "प्रार्थना" कविता में कवि की क्या अभिलाषा है ?

छोटे-बड़े का भेदभाव न रखते हुए सबके साथ मिल-जुलकर रहना चाहिए । किसी का अपमान नहीं करना चाहिए ।अपने देश, जाति और भाषा के प्रति अभिमान रखना चाहिए ।

३. **खाली जगह भरिए ।**

१. गिरे हुए को तुरत .....................। **( उठाएँ )**

२. निज भाषा का.......... करें हम । ( **गान** )

३. एक रहें ........................... रखें हम । ( **सद्भाव** )

४. हठ छोड़ें ............ अपनाएँ । ( **संयम** )

## कक्षा :- ८ पाठ २ : पुण्यकोटि

१. **अध्यापक से बातचीत :-**

१) ग्वाले का नाम क्या था ?

ग्वाले का नाम कालिंग था ।

२) पुण्यकोटि गाय को किसने पाला था ?

पुण्यकोटि गाय को कालिंग नामक ग्वाला ने पाला था ।

३) बाघ कहाँ रहता था ?

बाघ एक पहाड़ में रहता था ।

४) बाघ ने गाय से क्या कहा ?

बाघ ने गाय से कहा - " मैं तुम्हें अपना आहार बनाऊँगा ।"

५) गाय ने अपने बछड़े से क्या कहा ?

गाय ने अपने बछड़े से कहा - "बेटा, सावधानी से और नम्र भाव से रहना ।"

६) बाघ को क्या बुरा लगा ?

इतनी अच्छी गाय को अपना आहार बना लेता, यह सोचकर बाघ को बुरा लगा ।

२. **कलम लीजिए हाथ में :-**

१) बाघ ने गाय को अपना आहार बनाना क्यों चाहा ?

पहाड़ में एक बाघ रहता था ।एक बार बहुत दिनों तक उसे कुछ खाने को नहीं मिला । इसलिए बाघ ने गाय को अपना आहार बनाना चाहा ।

२) बाघ ने गाय को क्यों छोड़ दिया ?

बाघ ने सोचा कि इतनी ईमानदार गाय को अपना आहार बना लेना तो बहुत बुरी बात है । यह सोचकर उसने गाय को छोड़ दिया ।

३) इस पाठ से हमें क्या सीखना चाहिए ?

इस पाठ से हमें यह सीखना चाहिए कि गाय जैसी निरीह जानवर भी अपनी ईमानदारी और नेक स्वभाव से बाघ जैसे क्रूर प्राणी का मन – परिवर्तन कर सकती है ।

## कक्षा :- ८        पाठ ३ : मेरा देश , मेरी माँ

१. **अध्यापक से बातचीत :-**

१) दुश्मनों ने भारत पर कब आक्रमण किया ?

दुश्मनों ने भारत पर सन् १९६५ में आक्रमण किया ।

२) छुट्टियाँ बिताने गये सैनिकों को क्या आदेश मिला ?

छुट्टियाँ बिताने गये सैनिकों को तुरंत वापस आने के आदेश मिला ।

३) मेजर ने किसके पैर छूकर प्रणाम किया ?

मेजर ने अपनी माँ के पैर छूकर प्रणाम किया ।

४) किस नहर का मोर्चा भारतीय सेना के लिए चुनौती था ?

इच्छोगिल नहर का मोर्चा भारतीय सेना के लिए चुनौती था ।

५) मौत की परवाह किये बिना मेजर ने क्या सँभाला ?

मौत की परवाह किये बिना मेजर ने मोर्चा सँभाला ।

६) मेजर पर किसका जोश पूरी तरह छाया हुआ था ?

मेजर पर देशभक्ति का जोश पूरी तरह छाया हुआ था ।

७) दुश्मन की गोलियाँ मेजर के शरीर में कहाँ-कहाँ घुस गईं ?

दुश्मन की गोलियाँ मेजर के हाथ व पेट में घुस गईं ।

८) किनके शब्द मेजर को प्रेरणा दे रहे थे ?

माँ के शब्द मेजर को प्रेरणा दे रहे थे ।

९) रुँधे गले से अधिकारियों ने मेजर से क्या पूछा ?

रुँधे गले से अधिकारियों ने मेजर से पूछा – " आपकी कोई अंतिम इच्छा है?"

२. **कलम लीजिए हाथ में :-**

१) युद्ध भूमि को जाते हुए पुत्र के सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद देते हुए माँ ने क्या कहा ?

युद्ध भूमि को जाते हुए पुत्र के सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद देते हुए माँ ने कहा –" बेटे , इस समय प्रत्येक भारतीय का राष्ट्र रक्षा ही सबसे बड़ा कर्तव्य है । जाओ और दृढ़ता से अपने कर्तव्य का पालन करो । याद रहे- भारतीय परंपरा सीने पर गोली खाने की है, पीठ पर नहीं ।"

२) मेजर ने किस तरह युद्ध किया ?

मेजर धड़ाधड़ जोलीबारी करते हुए , दुश्मन के टैंकों को ध्वस्त करते आगे बढ़ रहे थे कि तभी दुश्मन की कई गोलियाँ एक साथ सनसनाती हुई आईं और मेजर जे हाथ व पेट में घुस गईं । वे चोट की परवाह किए बगैर आगे बढ़ते रहे और गोलियाँ आ-आ कर उनके सीने में घुसती रहीं । दुश्मनों के सारे टैंकों को ध्वस्त कर, विजयश्री को गले लगाकर ही उन्होंने दम लिया ।

३) अमृतसर के अस्पताल में मेजर ने अधिकारियों से क्या कहा ?

अमृतसर के अस्पताल में मेजर ने अधिकारियों से कहा – " मेरी माँ तक संदेश पहुँचा देना- तुम्हारे बेटे ने गोलियाँ सीने पर ही खायी हैं , पीठ पर नहीं ।"

**३. उदाहरण के अनुसार विरोधार्थक शब्द लिखिए :**

१) अच्छा * बुरा

२) आगे * पीछे

३) दोस्त * दुश्मन

४) भेद्य * अभेद्य

**४. उदाहरण के अनुसार स्त्रीलिंग एकवचन के बहुवचन रूप लिखिए :**

तैयारी - तैयारियाँ

१) छुट्टी – छुट्टियाँ

२) गोली - गोलियाँ

३) रोटी - रोटियाँ

४) लाठी - लाठियाँ

५) खिड़की - खिड़कियाँ

६) जिम्मेदारी - जिम्मेदारियाँ

५. **इन शब्दों को वाक्यों में प्रयोग कीजिए ।**

१) दीवार :- इस दीवार का रंग सफेद है ।

२) शाम :- शाम के समय हम खेलते हैं ।

३) वातावरण :- हमारे चारों ओर का वातावरण को परिसर कहते हैं ।

४) प्रणाम :- हम भगवान को प्रणाम करते हैं ।

५) आसान :- हमें हिंदी विषय बहुत ही आसान है ।

६) गोली :- सैनिक अपने बंदूक में गोली भरते हैं ।

७) अस्पताल :- अस्पताल में डॉक्टर रहते हैं ।

**कक्षा :- ८ पाठ :- ४ पढ़ना है जी पढ़ना है**

१. **अध्यापक से बातचीत :-**

१) इम्तहान में हम क्या करते हैं ?

इम्तहान में हम ताल ठोंककर कुश्ती खूब करते हैं ।

२) इनाम किनसे लेना है ?

इनाम पापा-मम्मी से लेने हैं ।

३) प्रस्तुत कविता के कवि का नाम क्या है ?

प्रस्तुत कविता के कवि का नाम चंद्रपाल सिंह यादव "मयंक" है ।

२. **कलम लीजिए हाथ में :-**

१) छुट्टियों में आप क्या-क्या करेंगे ?

गरमी की छुट्टी मौज-मज़े के दिन होंगे । पिक्चर देखेंगे । पिकनिक के लिए जाएँगे ।तब मस्ती के दिन होंगे । पापा-मम्मी से इनाम लेंगे ।

३. **कविता कंठस्थ कीजिए ।**

१.पढ़ना है जी पढ़ना है ,
हमको ऊपर चढ़ना है ।
थोड़े दिन की बात और है
जमकर खूब पढ़ेंगे हम ।
इम्तहान में ताल ठोंककर
कुश्ती खूब लड़ेंगे हम ।
पास इम्तहान करना है ,
पढ़ना है जी पढना है ।।

२.फिर गरमी की छुट्टी होगी,
होंगे मौज – मज़े के दिन ।
पिक्चर होगी, पिकनिक होगी

३. पापा-मम्मी से लेने हैं ,
फिर तो हमको खूब इनाम ।
मेहनत करनेवालों की तो ,
सदा मदद करते भगवान ।
जीवन पथ पर बढ़ना है ,
पढ़ना है जी पढ़ना है ।।

होंगे तब मस्ती के दिन ।
मेहनत से क्या ड़रना है ,
पढ़ना है जी पढ़ना है ।

**कक्षा :- ८ पाठ ५ : हारिए न हिम्मत**

१. **अध्यापक से बातचीत :-**

१) भगवान बुद्ध किसके घर में अवतरित हुए ?

भगवान बुद्ध एक बंजारे के घर में अवतरित हुए ।

२) बंजारा क्या काम करता था ?

बंजारा गाड़ियों में माल लाद कर दूर देशों को जाया करता था ।

३) बोधिसत्व ने किस पर माल लदवाया ?

बोधिसत्व ने बैल गाड़ी पर माल लदवाया ।

४) बोधिसत्व ने यात्रा के लिए किसकी व्यवस्था की ?

बोधिसत्व ने यात्रा के लिए पानी और भोजन की व्यवस्था की ।

५) रेगिस्तान की रेत कैसी थी ?

रेगिस्तान की रेत बारीक थी ।

६) रेगिस्तान में किसके बिना जाना कठिन होता था ?

रेगिस्तान में पथ-प्रदर्शक के बिना जाना कठिन होता था ।

७) सूर्योदय के बाद किस पर चलना मुश्किल होता था ?

सूर्योदय के बाद रेत पर चलना मुश्किल होता था ।

८) सबेरे पथ-प्रदर्शक ने क्या देखा ?

सबेरे पथ-प्रदर्शक ने देखा कि किस रास्ते से आए थे , उसी रास्ते से वापस जा रहे थे ।

९) घास और पौधे दिखाई देने पर बोधिसत्व ने क्या सोचा ?

घास और पौधे दिखाई देने पर बोधिसत्व ने सोचा कि यहाँ पानी अवश्य होना चाहिए ।

२. **कलम लीजिए हाथ में :-**

१) रेगिस्तान में सूर्योदय के बाद जाना कठिन होता है, क्यों ? त्ब बंजारे लोग क्या करते थे ?

सुर्योदय होते ही रेत इतनी गरम हो जाती थी कि उस पर चलना मुश्किल हो जाता था । तब बंजारे लोग दिन में गाड़ियों को घेरे में खड़ा कर देते । फिर उन पर मंडप तान देते और छाया में बैठ कर दिन बिताते । शाम होने पर रेत ठंडी हो जाती थी । वे सारी रात यात्रा करते थे ।

२) पथ-प्रदर्शक ने क्या सोचकर अपने राशन आदि फेंक दिया ?

वह पूरा रेगिस्तान ६० मील लम्बा था । जब वे ४९ मील पार कर चुके थे तब पथ-प्रदर्शक ने सोचा कि अब तो एक ही रात में हम रेगिस्तान पार कर लेंगे । इसीलिए शाम होने पर भोजन करके पानी, राशन आदि फेंक दिया ।

३) जब पानी के बिना सब निराश हो गये तो बोधिसत्व ने क्या सोचा ?

जब पानी के बिना सब निराश हो गये तो बोधिसत्व ने सोचा – यदि हिम्मत हार गये तो सबका नाश हो जायेगा । वे पानी की खोज में इधर-उधर घूमने लगे । एक स्थान पर घास और पौधे दिखाई देने पर बोधिसत्व ने सोचा कि यहाँ पानी अवश्य होना चाहिए ।

४) बोधिसत्व ने सेवक से क्या कहा ?

बोधिसत्व ने सेवक से कहा – “ तू अपनी हिम्मत बाँध ले और यह हथौड़ा लेकर इस पत्थर को तोड़ दे । पानी अवश्य निकलेगा ।”

५) इस पाठ से क्या सीख मिलती है ?

हिम्मत से काम करना है । धैर्य से आगे बढना है । पग-पग पर चलते समय काँटें और कंकड़ मिलते हैं । पर उन्हें हटाकर आगे बढ़ने से जीत हासिल होती है ।

३. **उदाहरण के अनुसार विलोम शब्द लिखिए :**

**आगे * पीछे**

१) लंबा * चौड़ा

२) कठिन * सरल / आसान

३) निराशा * आशा

४) शांत * अशांत

५) सबेरा * शाम

६) निश्चय * अनिश्चय

**४. उदाहरण के अनुसार पुल्लिंग शब्द को स्त्रीलिंग रूप लिखिए :**

**बूढा - बूढी**

१) दादा - दादी

२) नाना - नानी

३) घोड़ा - घोड़ी

४) बकरा - बकरी

५) गधा - गधी

६) साला - साली

७) लड़का - लड़की

**५. नमूने के अनुसार लिखिए ।**

**सूर्योदय = सूर्य + उदय**

१) वीरोचित = वीर + उचित

२) चंद्रोदय = चंद्र + उदय

३) पाठोपयोगी = पाठ + उपयोगी

४) नरोत्तम = नर + उत्तम

**कक्षा :- ८ पाठ ६ : बंदर बाँट**

१. **अध्यापक से बातचीत :-**

१) बिल्ली क्या लेकर आई ?

बिल्ली रोटी लेकर आई ।

२) दोनों बिल्लियों के बीच झगड़े का क्या कारण था ?

दोनों बिल्लियों के बीच झगड़े का कारण एक रोटी थी ।

३) बंदर क्या ले आया ?

बंदर तराज़ू ले आया ।

४) बिल्लियों के झगड़े का हल किसने किया ?

बिल्लियों के झगड़े का हल बंदर ने किया ।

५) बंदर ने रोटी के टुकड़ों को क्या किया ?

बंदर ने रोटी के टुकड़ों को तोड़-तोड़ कर खाया ।

२. **कलम लीजिए हाथ में :-**

१) बंदर ने रोटी का बँटवारा कैसे किया ?

बंदर ने रोटी को दो टुकड़े करके तराज़ू के पलड़ों पर रखा । तोलते समय उसे जो अधिक नज़र आया उसे तोड़-तोड़ कर खाया । अंत में रोटी का एक छोटा-सा टुकड़ा बच गया, उसे भी बंदर ने मज़दूरी के नाम पर स्वयं खा लिया ।

३. **भावार्थ लिखिए ।**

**" बंदर ने देखा यह झगड़ा ।**
**ले तराज़ू वह वहाँ अड़ा ॥**
**बोला – " झगड़ा ठीक नहीं है ।**
**बाँट के खाना , बात सही है । "**

इन पंक्तियों को “बंदर बाँट” नामक कविता से लिया गया है । चालाक बंदर ने दो बिल्लियों रोटी के बँटवारे के विषय पर लड़ते देखा तो वह अपने साथ तराज़ू लेकर वहाँ पहुँचा । बंदर पूरी रोटी को स्वयं ही खाना चाहता था । बंदर ने बिल्लियों से समझदारी की बातें करके उनसे रोटी लेकर तोलने लगा । पूरी रोटी स्वयं ही खा गया । बिल्लियों को आपस में बातचीत से समस्या का निवारण कर लेना चाहिए था । परंतु उन्होंने ऐसा न करके बंदर की बात मानकर अपना सब कुछ गँवाया ।

**कक्षा :- ८ पाठ ७ : समाचार पत्र की आत्मकथा**

१. **अध्यापक के साथ बातचीत :-**

१) कुछ समाचार पत्रों के नाम बताइए ।

संयुक्त कर्नाटक , प्रजावाणी, उदयवाणी, टाइम्स ऑफ इंडिया,

२) हिंदी का पहला समाचार पत्र कौन –सा है ?

हिंदी का पहला समाचार पत्र उदंत मार्तंड है ।

३) प्राचीन काल में राजा-महाराजा संदेश कैसे भेजते थे ?

प्राचीन काल में राजा-महाराजा संदेश को कबूतरों और संदेशवाहकों के द्वारा भेजते थे ।

२. **कलम लीजिए हाथ में :-**

१) समाचार पत्रों को किन वर्गों में विभाजित किया जाता है ?

समाचार पत्रों को दैनिक , साप्ताहिक, पाक्षिक , सामाजिक, धार्मिक, साहित्यिक, आर्थिक , सांस्कृतिक , और मनोरंजक आदि वर्गों में विभाजित किया जाता है ।

२) समाचार पत्रों में किन विषयों से संबंधित सूचनाएँ मिलती हैं ?

समाचार पत्रों में खेल-कूद, सिनेमा , मौसम, नौकरी संबंधी विज्ञापन , बाज़ार-भाव, कृषि-व्यापार, आदि विषयों से संबंधित सूचनाएँ मिलती हैं ।

३) विशेषांकों से कौन-सी जानकारी मिलती है ?

विशेषांकों से जीवनी, कविता, एकांकी, नाटक, कहानी, आलोचना, स्वास्थ्य, फिल्म संबंधी सूचनाओं की जानकारी मिलती है ।

## कक्षा :- ८ पाठ ८ :- अभिनव गीत

**१. अध्यापक के साथ बातचीत :-**

१) फूल सदा कैसे रहते हैं ?

फूल सदा हँसते रहते हैं ।

२) फूल सब जग को कैसे सुरभित करते हैं ?

फूल अपनी मोहक छवि और सुगंध से सब जग को सुरभित करते हैं ।

३) फूल हमसे क्या कहते हैं ?

फूल हमसे सदा सबको सुख देकर जीने के लिए कहते हैं ।

**२. कलम लीजिए हाथ में :-**

१) फूल किस तरह झरते रहते हैं ?

फूल खिल-खिल कर झरते रहते हैं ।

२) फूल की छवि कैसी होती है ?

फूल की रंग-बिरंगी मोहक छवि होती है ।

३) फूल सदा सबको कैसे रहने का संदेश देते हैं ?

सबके साथ मिल जुलकर रहना चाहिए । कष्टों को जीवन में हँसकर सहना चाहिए । सबको खुशियाँ बाँटनी चाहिए ।

४) जीवन में कष्ट को कैसे सहना चाहिए ?

जीवन में कष्ट को हँसते हुए सहना चाहिए ।

**३. कविता कंठस्थ कीजिए ।**

१.फूल सदा हँसते रहते हैं ।<br>
खिल-खिल कर झरते रहते हैं ।<br>
रंग- बिरंगी मोहक छवि से,<br>
अपने अन्तर की सुगंध से,<br>
तन से, मन से, निज जीवन से,<br>
सब को सुरभित करते हैं ।<br>
फूल सदा हँसते रहते हैं ।।

२. रहो सदा सबसे हिल-मिल कर,<br>
कष्ट सहो जीवन में हँस कर,<br>
जियो सदा सबको सुख देकर<br>
फूल यही हमसे कहते हैं ।<br>
फूल सदा हँसते रहते हैं ।।

**कक्षा :- ८ पाठ ९ : छुट्टी पत्र**

१. **अध्यापक के साथ बातचीत :-**

१) छुट्टी पत्र कौन लिख रही है ?

छुट्टी पत्र सुधा लिख रही है ।

२) सुधा छुट्टी पत्र किसको लिख रही है ?

सुधा छुट्टी पत्र प्रधानाध्यापक को लिख रही है ।

३) सुधा कितने दिनों की छुट्टी माँग रही है ?

सुधा तीन दिनों की छुट्टी माँग रही है ।

४) सुधा क्यों छुट्टी माँग रही है ?

सुधा अपने भाई की शादी में भाग लेने के लिए छुट्टी माँग रही है ।

२. **कलम लीजिए हाथ में :-**

**मान लीजिए कि आपकी तबीयत ठीक नहीं है । यही कारण देकर चार दिनों की छुट्टी माँगते हुए अपने प्रधानाध्यापक को छुट्टी पत्र लिखिए ।**

प्रेषक , दिनांक : ०१/१२/२०१५

श्रीनिवास नाय्क,

आठवीं कक्षा

प्रौढ़शाला विभाग,

स.प.पू.कॉलेज, वग्ग

बंटवाल, द.क. ५७४२६५

सेवा में ,

प्रधानाध्यापक,

प्रौढ़शाला विभाग,

स.प.पू.कॉलेज, वग्ग

बंटवाल, द.क. ५७४२६५

आदरणीय महोदय,

विषय :- चार दिन की छुट्टी की प्रार्थना ।

उपर्युक्त विषय के संबंध में आपसे निवेदन है कि दिनांक ०२/१२/२०१५ से दिनांक ०५/१२/२०१५ तक मैं विद्यालय नहीं आ सकता । मेरी तबीयत ठीक न रहने के कारण डॉक्टर ने मुझे चार दिन तक आराम करने की सलाह दी है ।अतः आपसे प्रार्थना करता हूँ कि इन चार दिनों की छुट्टी देने की कृपा करें ।

धन्यवाद के साथ ,

आपका आज्ञाकारी छात्र,

श्रीनिवास नाय्क

अभिभावक के हस्थाक्षर

(................................)

**कक्षा :- ८ पाठ १० : सच्चाई का उपहार**

१. **अध्यापक के साथ बातचीत :-**

१) हेड मास्टर का नाम क्या था ?

हेड मास्टर का नाम भवानी सहाय था ।

२) हेड मास्टर ने पाठशाला में क्या लगवाया ?

हेड मास्टर ने पाठशाला में बगीचा (बाग) लगवाया ।

३) बगीचे को किसने उजाड़ा ?

बगीचे को जगत, जयराम, शिवराम, वली और दुर्गाशंकर ने उजाड़ा ।

४) हेड मास्टर को किसने सच्चाई बताई ?

हेड मास्टर को बाज बहादुर ने सच्चाई बताई ।

२. **कलम लीजिए हाथ में :-**

१) काम से बचने के लिए बच्चों ने क्या उपाय किया ?

काम से बचने के लिए बच्चों ने बगीचा उजाड़ दिया ।

२) कई दिनों तक बाज के साथी स्कूल क्यों नहीं आये ?

बाज के साथियों ने बाज को डाँटा था । बाज ने इस बात की शिकायत हेड मास्टर से की होगी । हेड मास्टर जी की डाँट के भय के कारण वे कई दिनों तक स्कूल नहीं आये ।

३. **नमूने के अनुसार शब्द बनाइए :**

पढ़ → पढ़ाई

१)

अच्छा → अच्छाई

२)

चतुर → चतुराई

३)

बुरा → बुराई

**कक्षा :- ८ पाठ ११ : जीवन ह्म अर्पित कर जाएँ**

१. **अध्यापक के साथ बातचीत :-**

१) परहित के लिए हमें क्या करना चाहिए ?

परहित के लिए हमें अपना जीवन अर्पित करना चाहिए ।

२) अच्छे काम करने से किसका मान बढ़ता है ?

अच्छे काम करने से स्वदेश का मान बढ़ता है ।

३) हमें किस प्रकार के गीत गाना चाहिए ?

हमें उमंगों के गीत गाना चाहिए ।

२. **कलम लीजिए हाथ में :-**

१) किसकी सेवा में अपना सुख भूलना चाहिए ?

देश-जाति की सेवा में अपना सुख भूलना चाहिए ।

२) किस तरह का फूल समर्पित करना चाहिए ?

श्रम का का फूल समर्पित करना चाहिए ।

३) हमें किस प्रकार के बीज बोने चाहिए ?

हमें सद्भाव और स्नेह के बीज बोने चाहिए ।

४) हमें क्या अर्पित करना चाहिए ?

हमें परहित के लिए जीवन अर्पित करना चाहिए ।

५) स्वदेश का मान बढ़ाने के लिए हमें क्या करना चाहिए ?

स्वदेश का मान बढ़ाने के लिए हमें अच्छे-अच्छे काम करना चाहिए । हमें निजी सुखों को भूलकर स्वदेश की सेवा तन-मन से करनी चाहिए ।

## कक्षा :- ८ पाठ १२ : महादेवी वर्मा

१. **अध्यापक के साथ बातचीत :-**

१) महादेवी वर्मा जी का जन्म कब हुआ ?

महादेवी वर्मा जी का जन्म २४ मार्च सन् १९०७ में हुआ ।

२) उनके माता-पिता कौन थे ?

उनके माता हेमारानी देवी और पिता बाबू गोविंद प्रसाद वर्मा थे ।

३) उनकी प्रारंभिक शिक्षा कहाँ हुई ?

उनकी प्रारंभिक शिक्षा इंदौर के मिशन स्कूल में हुई ।

४) महादेवी जी बौद्ध भिक्षुणी क्यों बनना चाहती थीं ?

भगवान बुद्ध के प्रति गहन भक्ति और श्रद्धा के कारण महादेवी जी बौद्ध भिक्षुणी बनना चाहती थीं ।

५) "यामा" कृति के लिए प्राप्त पुरस्कार का नाम क्या था ?

"यामा" कृति के लिए प्राप्त पुरस्कार का नाम "ज्ञानपीठ" था ।

६) उनको "पद्मभूषण" उपाधि क्यों प्राप्त हुई ?

महादेवी जी को उनकी साहित्य सेवा के लिए पद्मभूषण" उपाधि प्राप्त हुई ।

२. **कलम लीजिए हाथ में :-**

१) महादेवी वर्मा जी की शिक्षा के बारे में आप क्या जानते हैं ?

महादेवी वर्मा जी की शिक्षा इंदौर के मिशन स्कूल से प्रारंभ हुई । विवाह के बाद में उन्होंने क्रास्थवेट कॉलेज, इलाहाबाद में प्रवेश लिया और अपनी शिक्षा पूर्ण की ।

२) महादेवी को घर पर ही किन विषयों में शिक्षा मिली थी ?

महादेवी को घर पर ही संस्कृत, अंग्रेजी, संगीत तथा चित्रकला आदि विषयों में शिक्षा मिली थी ।

३) महादेवी वर्मा के द्वारा संपादित पत्रिका का नाम क्या था ?

महादेवी वर्मा के द्वारा संपादित पत्रिका का नाम "चाँद" था ।

४) महादेवी का सन्यासिन के रूप में जीवन कैसा था ?

महादेवी जी का जीवन तो एक सन्यासिनी का जीवन था । उन्होंने जीवन भर श्वेत वस्त्र पहना, तख्ते पर सोया और कभी दर्पण नहीं देखा ।

५) महादेवी को कौन-कौन से पुरस्कार मिले थे ?

महादेवी वर्मा की साहित्य सेवा के लिए पद्मभूषण, डी.लिट्. , सक्सेरिया पुरस्कार, द्विवेदी पदक, मंगला प्रसाद पुरस्कार, भारत-भारती पुरस्कार, ज्ञानपीठ पुरस्कार आदि पुरस्कार मिले थे ।

६) किस कृति के लिए महादेवी वर्मा को ज्ञानपीठ पुरस्कार दिया गया है ?

"यामा" कृति के लिए महादेवी वर्मा को ज्ञानपीठ पुरस्कार दिया गया है ।

## कक्षा :- ८ पाठ १३ : हरा घोड़ा

१. **अध्यापक के साथ बातचीत :-**

१) अकबर कहाँ घूमने गये थे ?

अकबर शाही बाग में घूमने गये थे ।

२) अकबर क्यों खुश हुए ?

चारों ओर हरे-भरे वृक्ष और हरी-हरी घास देखकर अकबर खुश हुए ।

३) अकबर बीरबल को क्या लाने के लिए कहा ?

अकबर बीरबल को हरा घोड़ा लाने के लिए कहा ।

४) अकबर और बीरबल दोनों को क्या मालूम था ?

अकबर और बीरबल दोनों को मालूम था कि हरे रंग का घोड़ा तो होता ही नहीं है ।

५) बीरबल कितने दिनों तक घूमते रहे ?

बीरबल सात दिनों तक घूमते रहे ।

६) घोड़े के मालिक की कितनी शर्तें थीं ?

घोड़े के मालिक की दो (२) शर्तें थीं ।

७) अकबर बीरबल को क्या बनाना चाहते थे ?

अकबर बीरबल को उल्लू बनाना चाहते थे ।

२. **कलम लीजिए हाथ में :-**

१) बादशाह अकबर हरे रंग का घोड़ा क्यों चाहते थे ?

एक दिन बादशाह अकबर घोड़े पर शाही बाग में घूमने गये । चारों ओर हरे-भरे वृक्ष और हरी-हरी घास देखकर वह बहुत खुश हुए । उन्हें लगा कि बगीचे में सैर करने के लिए घोड़ा भी हरे रंग का ही होना चाहिए ।

२) पाठ के आधार पर समझाइए कि कौन किसके जाल में फँस गया ?

अकबर बीरबल को उल्लू बनाना चाहते थे । लेकिन पाठ के अंत में पता चलता है कि अकबर बीरबल के जाल में फँस गया ।

३) घोड़े की मालिक की शर्तें क्या – क्या थीं ?

घोड़े की मालिक की पहली शर्त यह है कि घोड़ा लेने के लिए स्वयं बादशाह को जाना चाहिए । दूसरी शर्त यह है कि घोड़ा खास रंग का है, इसलिए उसे लाने का दिन भी खास ही होगा ।उसका मालिक का कहना है कि सप्ताह के सात दिनों के अलावा किसी भी दिन आकर उसे ले जाओ ।

**कक्षा :- ८ पाठ १४ : रानी लक्ष्मीबाई**

१. **अध्यापक के साथ बातचीत :-**

१) लक्ष्मीबाई के बचपन का नाम क्या था ?

लक्ष्मीबाई के बचपन का नाम मणिकर्णिका था ।

२) मोरोपंत कानपुर के निकट किसके पास चले गए ?

मोरोपंत कानपुर के निकट बिठूर में पेशवा बाजीराव के पास चले गए ।

३) लक्ष्मीबाई किन खेलों में लड़कों से आगे रहती थी ?

लक्ष्मीबाई बंदूक, तीर-कमान आदि चलाने का, युद्ध करने और नकली किले तोड़ने के खेलों में लड़कों से आगे रहती थी ।

४) भारत के बहुत बड़े भागों पर किनका अधिकार था ?

भारत के बहुत बड़े भागों पर अंग्रेजों का अधिकार था ।

५) झाँसी को अपने राज्य में मिलाने का अवसर अंग्रेजों को कब मिला ?

गंगाधर राव की मृत्यु के बाद झाँसी को अपने राज्य में मिलाने का अवसर अंग्रेजों को मिला ।

६) लक्ष्मीबाई और अंग्रेजों के बीच अंतिम लड़ाई कहाँ हुई ?

लक्ष्मीबाई और अंग्रेजों के बीच अंतिम लड़ाई ग्वालियर किले के सामने हुई ।

७) लड़ाई में लक्ष्मीबाई ने घोड़े की लगाम किससे दबाया ?

लड़ाई में लक्ष्मीबाई ने घोड़े की लगाम को दाँतों से दबाया ।

२. **कलम लीजिए हाथ में :-**

१) लक्ष्मीबाई के पिता मोरोपंत के बारे में लिखिए ।

लक्ष्मीबाई के पिता मोरोपंत अपनी पत्नी की मृत्यु के बाद नन्ही मनु का लालन-पालन किया । मोरोपंत पहले वाराणासी में रहते थे । बाद में कानपुर के निकट बिठूर में पेशवा बाजीराव के पास चले गए ।

२) लक्ष्मीबाई को बचपन में किन विषयों का शौक था ?

लक्ष्मीबाई को बचपन में बंदूक, तीर-कमान आदि चलाने का, युद्ध करने और नकली किले तोड़ने के खेल आदि विषयों का शौक था ।

३) अंग्रेज किस ताक में थे ? उन्होंने किस अवसर पर झाँसी को ले लिया ?

अंग्रेज झाँसी को अपने राज्य में मिलाने की ताक में थे । उन्होंने गंगाधर राव की मृत्यु के बाद झाँसी को ले लिया ।

४) "स्वतंत्रता का प्रथम संग्राम" – यह युद्ध कब और क्यों हुआ ?

देश को स्वतंत्र कराने के लिए सन् १८५७ में अंग्रेजों के विरुद्ध "स्वतंत्रता का प्रथम संग्राम" – यह युद्ध हुआ ।

५) "लक्ष्मीबाई वीरता और साहस से लड़ रही थी" – इस उक्ति से संबंधित चार वाक्य लिखिए ।

६) लक्ष्मीबाई और अंग्रेजों के बीच अंतिम लड़ाई ग्वालियर किले के सामने हुई । रानी ने घोड़े की लगाम को दाँतों में दबाया और दोनों हाथों से तलवार चलाती हुई अंग्रेजी सेना के भीतर घुस गईं । वे जिधर जाती, उधर मैदान साफ हो जाता । उस समय रानी का छोटा-सा पुत्र (दामोदर) उनकी पीठ पर बँधा था । लक्ष्मीबाई वीरता और साहस से लड़ रही थी ।

३. **नमूने के अनुसार विलोम शब्द लिखिए ।**

**निकट * दूर**

१) बड़ी * छोटी

२) आगे * पीछे

३) भीतर * बाहर

४) सुख * दुःख

५) ऊपर * नीचे

४. **उदाहरण के अनुसार एकवचन का बहुवचन रूप लिखिए ।**

**घोड़ा - घोड़े**

१) लड़का - लड़के

२) बच्चा - बच्चे

३) किला - किले

४) दरवाज़ा - दरवाज़े

५) कपड़ा - कपड़े

६) रास्ता - रास्ते

५. **उदाहरण के अनुसार वाक्य बनाइए ।**

" से " - **रानी लक्ष्मीबाई दोनों हाथों से तलवार चला सकती थीं ।**

१) कलम से – मैं कलम से पत्र लिखता हूँ ।

२) आँखों से – हम आँखों से देखते हैं ।

३) कसरत से – कसरत से हमारा शरीर हृष्ट-पुष्ट बनता है ।

४) धैर्य से – हमें धैर्य से काम करना चाहिए ।

५) दूध से – दूध से चाय और कॉफी बनायी जाती हैं ।

## कक्षा :- ८ पाठ १५ : कबीर के दोहे

### १. अध्यापक से बातचीत :-

१) कैसी वाणी बोलनी चाहिए ?

सौम्य और मधुर वाणी बोलनी चाहिए ।

२) कबीर सच्चाई और झूठ को किसके समान मानते हैं ?

कबीर सच्चाई को भगवान और झूठ को पाप के समान मानते हैं ।

३) किसके हृदय में ईश्वर रहता है ?

हमेशा सत्य बोलनेवालों के हृदय में ईश्वर रहता है ।

४) खजूर के पेड़ से किसे छाया नहीं मिलती ?

खजूर के पेड़ से यात्रियों को छाया नहीं मिलती ।

### २. कलम लीजिए हाथ में :-

१) मन को हम कैसे शुद्ध रख सकते हैं ?

आडंबरवाली भक्ति को छोड़कर हृदय रूपी माला के दानों को घुमाने से मन को शुद्ध रखा जा सकता है । अर्थात निर्मल मन से भगवान का जाप करना चाहिए ।

२) खजूर के पेड़ से हमेम क्या सीख मिलती है ?

खजूर के पेड़ से किसी को कोई लाभ नहीं मिलता \ अमीर लोगों को गरीबों की सहायता करनी चाहिए ।

### ३. समझिए और लिखिए ।

**सत्य * असत्य**

१) धर्म * अधर्म

२) न्याय * अन्याय

३) चेत * अचेत

४) हित * अहित (अनहित )

५) शांत * अशांत

६) सफल * असफल

**४. दोहे कंठस्थ कीजिए ।**

माला फेरत जुग भया, फिरा न मन का फेर ।
कर का मनका छाँडिदे, मन का मनका फेर ॥

ऎसी बानी बोलिए , मन का आपा खोय ।
औरन को सीतल करै, आपहुँ सीतल होय ॥

साँच बराबर तप नहीं , झूठ बराबर पाप ।
जाके हिरदै साँच है, ताथे हिरदै आप ॥

बाड़ा भया तो क्या भया , जैसे पेड़ खजूर ।
पंथी को छाया नहीं, फल लागे अति दूर ॥

**५. उदाहरण के अनुसार समानार्थक शब्द लिखिए ।**

अनंत - ईश्वर

१) अपेक्षा - आशा, इच्छा, अभिलाषा, इरादा

२) अग्नि - आग

३) उत्तर - जवाब

४) कनक - सोना

५) खग - पक्षी , विहग, पंछी

६) गुरु - उस्ताद, शिक्षक,

७) तारा - नक्षत्र

कक्षा :- ८ पाठ १६ : वर्षा नहीं तो जीवन नहीं

**१. अध्यापक के साथ बातचीत :-**

१) जीवन के लिए क्या अनिवार्य है ?

जीवन के लिए पानी अनिवार्य है ।

२) पानी के स्रोत कौन- कौन से हैं ?

पानी के स्रोत नदी, नाला, सागर आदि हैं ।

३) बाष्प कैसे बनता है ?

पानी के स्रोतों पर सूरज की गर्मी के कारण बाष्प बनता है ।

४) मानसून की हवाएँ क्या लाती हैं ?

मानसून की हवाएँ वर्षा ऋतु लाती हैं ।

५) वर्षा ऋतु की प्रतीक्षा क्यों की जाती है ?

सर्दी – गर्मी की ऋतुओं में वर्षा आमतौर पर कम होती है, इसलिए वर्षा ऋतु की प्रतीक्षा की जाती है \

६) वर्षा नहीं होती तो क्या होता है ?

वर्षा नहीं होती तो अकाल पड़ता है ।

७) अकाल का परिणाम क्या होता है ?

अकाल के कारण खेत सूख जाते हैं और जाय, बैल आदि मरने लगते हैं ।

८) वर्षा की अधिकता से क्या होती है ?

वर्षा की अधिकता से नदियाँ अपने किनारों से बाहर आकर बहने लगती हैं । बाढ़ का रूप धारण कर लेती हैं ।

९) शुद्ध जल का स्रोत क्या है ?

शुद्ध जल का स्रोत वर्षा है ।

**२. कलम लीजिए हाथ में :-**

१) बादल कैसे बनते हैं ?

समुद्र, झील, तालाब और नदियों की पानी सूरज की गर्मी से बाष्प बनकर ऊपर उठता है । इसी बाष्प से बादल बनते हैं ।

२) वर्षा कब होती है ?

बूँदोंवाले बादल भारी होकर जब धरती की आकर्षण शक्ति से खींचे जाते हैं , तब वर्षा के रूप में बरस जाते हैं ।

३) बाढ़ और अकाल में क्या अंतर है ?

वर्षा की अधिकता से बाढ़ होती है । वर्षा न होने से अकाल की स्थिति होती है । वर्षा की अधिकता से नदियाँ अपने किनारों से बाहर आकर बहने लगती हैं । अकाल के कारण खेत सूख जाते हैं और जाय, बैल आदि मरने लगते हैं ।

४) पानी के बिना जीवन नहीं है, क्यों ?

पानी जीवन का आधार है । पानी पीने के लिए तो जरुरी है ही, पानी न होतो कोई काम नहीं हो सकता है । खाना बनाने के लिए , साफ सफाई, नहाना- धोना, सिंचाई – बुवाई के लिए पानी अत्यंत आवश्यक है ।

## कक्षा :- ८ पाठ १७ : भारत माता

१. **अध्यापक के साथ बातचीत :-**

१) इस कविता के लिए दूसरा कौन सा शीर्षक दे सकते हैं ?

इस कविता के लिए दूसरा शीर्षक – मेरा भारत, मेरा देश, हमारा भारत, भारत देश

२) सारा संसार क्या गाता है ?

सारा संसार भारत माता के गुण गाता है ।

३) भारत माता के सर पर क्या है ?

भारत माता के सर पर हिम का ताज है ।

४) भारत माता के चरणों को कौन धोता है ?

भारत माता के चरणों को सागर धोता है ।

२. **कलम लीजिए हाथ में :**

१) किन नदियों ने भारत माता की शोभा बढ़ायी है ?

गंगा-यमुना नदियों ने भारत माता की शोभा बढ़ायी है ।

२) भारत देश में किन-किन धर्मों के लोग रहते हैं ?

भारत देश में हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई आदि धर्मों के लोग रहते हैं ।

३) भारतवासियों को क्या कस्म खानी चाहिए ?

भारतवासियों को एक लक्ष्य की कस्म खानी चाहिए ।

४) कवि के अनुसार हमें किसके पुजारी होने चाहिए ?

कवि के अनुसार हमें शांति के पुजारी होने चाहिए ।

**कक्षा :- ८ पाठ १८ : धर्माधिकारी डॉ.वीरेंद्र हेग्गडे**

१. **अध्यापक के साथ बातचीत :-**

१) डॉ. वीरेंद्र हेग्गडे जी का जन्म कब हुआ ?

डॉ. वीरेंद्र हेग्गडे जी का जन्म सन् १९४८, नवंबर २५ को हुआ ।

२) वीरेंद्र जी की प्राथमिक शिक्षा कहाँ हुई ?

वीरेंद्र जी की प्राथमिक शिक्षा बंटवाल में हुई ।

३) वीरेंद्र जी की पत्नी का नाम क्या है ?

वीरेंद्र जी की पत्नी का नाम हेमावती है ।

४) वीरेंद्र जी की पुत्री का नाम क्या है ?

वीरेंद्र जी की पुत्री का नाम श्रद्धा है ।

५) वीरेंद्र जी की किसमें विशेष रुचि है ?

वीरेंद्र जी की कॉर ड्रैविंग तथा फोटोग्राफी में विशेष रुचि है ।

२. **कलम लीजिए हाथ में :**

१) वीरेंद्र जी ने अपनी बीसवीं उम्र में कौन-सा पद ग्रहण किया ?

वीरेंद्र जी ने अपनी बीसवीं उम्र में श्री क्षेत्र धर्मस्थल के २१वें धर्माधिकारी के पद ग्रहण किया ।

२) वीरेंद्र जी ने अपनी पिताजी का सपना कैसे पूरा किया ?

वीरेंद्र जी ने धर्मस्थल में ३९ फीट ऊँचाई की बाहुबली मूर्ति की स्थापना करके अपनी पिताजी का सपना पूरा किया ।

३) वीरेंद्र जी हर साल किसका आयोजन करते हैं ?

वीरेंद्र जी हर साल एक लाख से भी अधिक विद्यार्थी और अध्यापकों के लिए योगाभ्यास तथा नैतिक शिक्षा का आयोजन करते हैं ।

४) वीरेंद्र जी को प्राप्त किन्हीं ५ पुरस्कारों के नाम लिखिए ।

वीरेंद्र जी को प्राप्त किन्हीं ५ पुरस्कारों के नाम –पद्मभूषण, राजर्षी, धर्मभूषण, धर्म रत्नाकर, कर्नाटक रत्न, नाडोजा आदि ।

५) वीरेंद्र जी ने क्या-क्या सामाजिक कार्य किये हैं ?

वीरेंद्र जी लगभग ३८ सालों से सामूहिक विवाह का आयोजन करते आये हैं । श्री क्षेत्र धर्मस्थल ग्रामाभिवृद्धि योजना के अंतर्गत कई गरीब लोग और महिलाएँ लाभान्वित हुए हैं । स्वयं उद्योग प्रशिक्षण केंद्र “रुडसेट” की स्थापना से ७०% लोग स्वयं उद्योग आरंभ कर चुके हैं ।

## कक्षा :- ८ पाठ १९ : भारतीय त्योहार

**१. अध्यापक के साथ बातचीत :-**

१) महाभारत में भीष्म पितामह किस दिन की प्रतीक्षा कर रहे थे ?

महाभारत में भीष्म पितामह उत्तरायण के पुण्यकाल की प्रतीक्षा कर रहे थे ।

२) बैसाखी त्योहार कहाँ मनाया जाता है ?

बैसाखी त्योहार पंजाब में मनाया जाता है ।

३) केरल में किस त्योहार को नव वर्ष का सूचक माना जाता है ?

केरल में विशु त्योहार को नव वर्ष का सूचक माना जाता है ।

४) कैरल्स किसे कहते हैं ?

क्रिसमस त्योहार के समय पर गिरजाघर में सामूहिक प्रार्थना के समय पर गाये जानेवाले गीतों को कैरल्स कहते हैं ।

५) कैण्डीज़ , फल और छोटे तोहफों से किसको सजाया जाता है ?

कैण्डीज़ , फल और छोटे तोहफों से क्रिसमस ट्री को सजाया जाता है ।

६) रमज़ान के दिन मुसलमान बंधु कहाँ जाते हैं ?

रमज़ान के दिन मुसलमान बंधु मसजिद जाते हैं ।

७) रमज़ान त्योहार किसका प्रतीक है ?

रमज़ान त्योहार भाईचारे की भावना और आपसी बंधुत्व का प्रतीक है ।

**२. कलम लीजिए हाथ में :**

१) मकर संक्रांति त्योहार कब और कैसे मनाया जाता है ?

मकर संक्रांति प्रत्येक वर्ष जनवरी महीने में पूरे भारत , विशेषतः दक्षिण भारत में मनाया जाता है । इस त्योहार को घर-घर में सुख, संपत्ति के संकेत क रूप में मनाया जाता है ।

२) पंजाबी लोग बैसाखी त्योहार कैसे मनाते हैं ?

बैसाखी त्योहार के दिन सभी लोग परंपरागत वस्त्र पहनते हैं । ताजे गेहूँ के आटे की रोटी, देशी घी और गुड़ खाते हैं । उत्सवाग्नि जलाकर उसके चारों ओर नाचते हैं ।

३) कनि किसे कहते हैं ?

अक्षत , नये वस्त्र, ताम्बूल पत्र, सुपारी, दर्पण, फूल, सिक्का आदि समृद्धि के सूचक पदार्थों को कांस के बर्तन में रखा जाता है, उसे कनि कहते हैं ।

४) क्रिसमस पेड़ को सजाने की परंपरा कैसे आई ?

एक बार महारानी विक्टोरिया के पति राजकुमार एलबर्ट ने अपने महल विंडसर कैसल में कैण्डीज़, फल और छोटे तोहफों से एक बहुत बड़े क्रिसमस ट्री को सजाया था । तब से यह परंपरा चल पड़ी ।

५) रोज़ा कैसे रखा जाता है ?

रमज़ान त्योहार के समय पर मुसलमान तीस दिन का "रोज़ा" रखते हैं । रोज़ा का मतलब है कि सूर्योदय के पहले और सूर्योदय के बाद ही खाना खाया जा सकता है ।

**३. नमूने के अनुसार विरुद्ध अर्थवाले शब्द लिखिए ।**

जीवन * मरण

१) दिन * रात

२) सुख * दुःख

३) नया * पुराना

४) पवित्र * अपवित्र

५) विश्वास * अविश्वास

६) सूर्योदय * सूर्यास्त

**४. उदाहरण के अनुसार वाक्य रचना कीजिए ।**

मैं पाठ पढ़ रहा हूँ ।

१) शीला नाटक पढ़ रही है ।

२) रहीम गाना गा रहा है ।

३) अध्यापक हिंदी सिखा रहा है ।

४) बछड़ा घास चर रहा है ।

५) पाठशाला का घंटा बज रहा है ।

**५. उदाहरण के अनुसार पुल्लिंग शब्द का स्त्रीलिंग रूप लिखिए ।**

शिक्षक - शिक्षिका

१) अध्यापक - अध्यापिका

२) नायक - नायिका

३) सेवक – सेविका

४) संपादक - संपादिका

५) बालक - बालिका

६) लेखक - लेखिका

**६. "इया" जुड़ने से पुल्लिंग शब्द स्त्रीलिंग शब्द के रूप में बदलते हैं ।**

उदाहरण के अनुसार लिखिए ।

कुत्ता - कुतिया

१) बुड्ढा - बुड्ढिया

२) गुड्डा - गुड़िया

३) डिब्बा - डिबिया

**७. उदाहरण के अनुसार पदबंधों के लिए एक शब्द लिखिए :**

जिसका होना या करना कठिन हो - दुःसाध्य

१) जिसका आदि न हो – अनादि

२) जिसका वर्णन न्हीं होता हो – अवर्णनीय

३) जिसमें संदेह नहीं हो - निःसंदेह

४) जो कभी तृप्त नहीं होता हो - अतृप्त